दिन–शनिवार दिनांक– 15 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

अठारहवीं लोकसभा का पहला संसद सत्र इस महीने की चौबीस तारीख से शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सदस्यों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि संसद के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव और फिर संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा।

————————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अठारह जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में लगभग बीस हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान ग्यारह करोड़ किसानों के बैंक खातों में तीन लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि उन्होंने अठारह जून को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है।

————————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार में उद्योग धंधों की अपार संभावनाएं हैं। श्री सिंह आज पटना में राज्य के उद्योग मंत्री और वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में नए उद्योगों की स्थापना कर रोजगार के अवसर पैदा किये जायेंगे।

————————————————————————

भारत सहित दुनिया भर से बीस लाख से अधिक हज यात्री आज सऊदी अरब पहुंचे हैं। इस वर्ष हज यात्रा में भारत से एक लाख पचहत्तर हजार से अधिक लोग गये

हैं। इनमें से एक लाख चालीस हजार हज यात्री भारतीय हज समिति के माध्यम से और लगभग पैंतीस हजार निजी संचालकों के माध्यम से गए हैं। इस साल पांच हजार से अधिक भारतीय महिला हज यात्री बिना मेहरम या पुरुष अभिभावक के हज यात्रा पर गयी हैं।

———————————————————————

पटना में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय आम महोत्सव– आमोत्सव शुरू हुआ। राजभवन परिसर में आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया। श्री आर्लेकर ने कहा कि बिहार में आम के उत्पादन, विपणन और प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राज्य में आम प्रसंस्करण और पैकेजिंग इकाइयां स्थापित करने पर जोर दिया। आम महोत्सव के दौरान कृषि वैज्ञानिकों, आम उत्पादकों, किसानों और निर्यातकों के साथ उत्तर भारत में आम उत्पादन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान खरीदारों और विक्रेताओं की बैठक भी आयोजित की जाएगी। लोगों के लिए आम की तीन सौ से अधिक किस्मों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। महोत्सव में एक हजार से अधिक किसान, उद्यान और बागवानी विशेषज्ञ तथा वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के नौशेरा में पदस्थापित मधेपुरा निवासी भारतीय सेना के जवान पवन कुमार की शहादत पर गहरा शोक जताया है। श्री कुमार ने कहा कि शहीद जवान के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा और उनका पुलिस सम्मान के अंतिम संस्कार किया जाएगा।

———————————————————————

नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों ने आज पटना के दिनकर गोलम्बर के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारी छात्रों को हटाया। इधर, सहरसा के वीर कुंवर सिंह चौक के पास अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन किया।

———————————————————————

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पटना, गया, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, जहानाबाद, सारण, सीवान और जमुई जिले में लू की स्थिति बनी हुयी है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य हिस्सों में गर्म दिवस जैसे हालात हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दूसरी तरफ, राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। किशनगंज के दीघलबैंक में सबसे अधिक चौबीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल भी राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

————————————————————

सहरसा में श्रम संसाधन विभाग की धावा टीम ने होटल में काम करने वाले दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। दोनों बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया गया है और होटल मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।